प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 18.06.2025

मुख्य समाचारः–

- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले–नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के परिजनों को अन्य विभागों में भी दी जाएगी अनुकंपा नियुक्ति।
- केन्द्र सरकार इस वर्ष पंद्रह अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्टैग–आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करेगी।
- बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक छात्र सहित तीन ग्रामीणों की हत्या की–वहीं, छत्तीसगढ़–आंध्रप्रदेश की सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन शीर्ष माओवादी मारे गए।
- पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हुआ दक्षिण–पश्चिम मानसून।

राज्य मंत्रिमंडल–बैठक–01

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में मंत्रिपरिषद ने अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति सूची में तकनीकी कारणों से शामिल होने से वंचित जातियों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुसार डिहारी कोरवा, बघेल क्षत्री, संसारी उरांव तथा पबिया, पविया और पवीया समाज के विद्यार्थियों को अनुसूचित जनजाति के समान तथा डोमरा जाति के विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति के समान राज्य मद से छात्रवृत्ति प्रदान करने और छात्रावास–आश्रमों में स्वीकृत सीट के अधीन प्रवेश दिए जाने की सुविधा देने की सहमति दी गई है।

बैठक के बाद मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के प्रकरण को लेकर बैठक में अहम निर्णय लिया।

एक अन्य फैसले में मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छतों में सोलर रूफटाप संयंत्र लगाने में उपभोक्ताओं को वित्तीय सहायता देने का निर्णय भी लिया है। वहीं, राज्य में वन्यजीव, खासकर बाघों के संरक्षण और ईको–पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ''छत्तीसगढ़ टाइगर फाउंडेशन सोसायटी'' का गठन किया जाएगा। यह सोसायटी वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम उन्नीस सौ बहत्तर के तहत काम करेगी। बैठक में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना के लिए बेमेतरा जिले के बेलगांव में सौ एकड़ भूमि उद्यानिकी विभाग को निःशुल्क प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

राज्य मंत्रिमंडल–बैठक–02

मंत्रिपरिषद की बैठक में ''विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल हेल्थ वेलफेयर और सेवाएं को नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में मर्ज करने का अनुमोदन किया गया है। वहीं, जशपुर जिले में जशप्योर ब्रांड के तहत महिला स्व–सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल तथा महुआ चाय जैसे उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन अथवा सीएसआईडीसी को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। इसके अलावा राज्य में गौण खनिजों के सुव्यवस्थित अन्वेषण, पूर्वेक्षण और अधोसंरचना के विकास के लिए ''स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट'' के गठन की अधिसूचना के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

भाजपा विधायक दल–बैठक

भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित कैबिनेट मंत्री

और विधायक मौजूद थे। बैठक में मोदी सरकार के ग्यारह साल पूरे होने के अवसर पर पार्टी की ओर से चलाए जाने वाले अभियानों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में उनतीस जून तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इक्कीस जून को बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, तेईस जून को जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसी दिन 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया जाएगा। श्री साव ने बताया कि पच्चीस जून को आपातकाल दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं, उनतीस जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर तक सुनने की व्यवस्था की जाएगी।

फास्टैग–आधारित वार्षिक पास

केन्द्र सरकार इस वर्ष पंद्रह अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्टैग–आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करेगी। इससे देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफायती यात्रा संभव होगी। यह वार्षिक पास लागू होने की तिथि से एक वर्ष या अधिकतम दो सौ यात्राओं के लिए वैध होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। यह पास विशेष रूप से गैर–व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। श्री गडकरी ने कहा कि यह कदम राजमार्ग पर आरामदायक यात्रा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम होगा।

ग्रामीण हत्या/माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक छात्र सहित तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी है। वहीं, सात ग्रामीणों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल अवस्था में छोड़ दिया है। पुलिस के अनुसार माओवादियों ने कल शाम बारह ग्रामीणों का अपहरण किया था, जिनमें से आत्मसमर्पित नक्सली नेता के परिवार के तीन सदस्यों की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

उधर, सुकमा जिले की सीमा से लगे आंध्रप्रदेश के मारेडपल्ली के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ होने की जानकारी मिल रही है। आंध्रप्रदेश के अल्लुरी–सीताराम जिले के पुलिस अधीक्षक अमित बरदार ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। इस मुठभेड़ में माओवादियों के सेंट्रल कमेटी के सदस्य गजराला रवि और चलपती की पत्नी अरुणा सहित तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर है।

इधर, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी में आज एक माओवादी दंपत्ति ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। दोनों पिछले कई वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय थे।

जल संसाधन विभाग–आवेदन

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत उप अभियंता सिविल और उप अभियंता विद्युत–यांत्रिकी के पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बीस जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा की तिथि बीस जुलाई निर्धारित की गई है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इक्कीस जून को विश्वभर में मनाया जाएगा। आकाशवाणी समाचार आपके लिए प्राचीन भारतीय परंपरा से लेकर वैश्विक आंदोलन तक योग के विकास पर एक विशेष फीचर लेकर आया है।

"योग का इतिहास भारत की प्राचीन सभ्यता में गहराई से निहित है। यह सिंधु–सरस्वती घाटी संस्कृति के आरंभ में एक आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ और धीरे–धीरे आत्म–साक्षात्कार की दिशा में एक अनुशासित मार्ग के रूप में विकसित हुआ। समय के साथ, यह अभ्यास एक समृद्ध अनुशासन के रूप में विकसित हुआ। यह वेदों, उपनिषदों और बाद में पतंजलि के योग सूत्रों में प्रवाहित हुआ। वर्ष दो हजार चौदह में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में प्रस्तावित किया था। इस प्रस्ताव को भारी समर्थन के साथ अपनाया गया। तब से, दुनियाभर में इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह हम ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" है, जो एकता और कल्याण का संदेश देती है। किसी भी व्यक्ति को धर्म, जाति या राष्ट्रीयता के भेदभाव के बिना योग स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है।

राज्यपाल–बीजापुर

राज्यपाल रमेन डेका ने अपने बीजापुर प्रवास के दौरान आज अधिकारियों की बैठक लेकर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के साथ लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने पर जोर दिया।

अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल ने बीजापुर में सेंट्रल लाईब्रेरी का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कम्प्यूटर का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से बातचीत कर प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली।

वहीं, राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बीजापुर कलेक्टोरेट परिसर में वृक्षारोपण किया।

मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून आज पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो गया। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा करीब आठ किलोमीटर ऊंचाई तक बना हुआ है। वहीं, एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर दिशा में स्थित है। इसके प्रभाव से कल उन्नीस जून को प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर तेज हवा चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से उत्तर और मध्य छत्तीसगढ रहने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा नगर सेना में महिला और पुरूष नगर सैनिकों की भर्ती के लिए बाईस जून को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।
- प्रदेश में कोरोना वायरस की संक्रमण दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई है। अब तक एक हजार नौ सौ सैंपलों की जांच में एक सौ इकतीस कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं।
- बीजापुर जिले में आईटीआई कॉलेज के पास आज ट्रैक्टर की चपेट में आने से दोपहिया सवार एक शिक्षिका की मौत हो गई है।
- जांजगीर–चांपा जिले में खनिज विभाग की टीम ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में एक सौ चार वाहनों पर कार्रवाई की है।